सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

सम्पादक-मधुसूदन शर्मा
सह सम्पादक-बृजेश कुमार शर्मा

वर्ष - २ अंक -४६ सोमवार – १२/०५/२०२५ पृष्ठ – ४ प्रति सोमवार डीजिटल संस्करण

## सम्पादकीय

अदम्य साहस के साथ भारतीय सैना द्वारा ओपरेशन सिंदुर के सम्मान मे ,भारतीय सैना के शौर्य के आगे हमारा लेखन कम पडात है।
इसलिए आज का सम्पादकीय लेख सैना के सम्मान में खाली रख जाऐगा।

जय जवान
जय किसान
जय विज्ञान

भारत माता की जय

# ऑपरेशन सिंदुर पर भारतीय सैना की प्रेस कॉन्फ्रेंस - सैन्य अधिकारीयों ने कहा, ऑपरेशन सिंदुर में दुश्मन के चालीस सैनिक अफसर ओर सौ आंतकी मारे गए !

**हमले में 5 भारतीय सैनिक शहीद , पाकिस्तानी एयार फॉर्स ओर सैना ने भारतीय सीमा में घुसपैठ नही की।**




भारत–पाकिस्तान के बीच सीजफायर के 25 घंटे बाद रविवार को तीनों सेनाओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशन लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई, वाइस एडमिरल एएन प्रमोद और एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती ने ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दी।

लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा– आप सबको पता है कि पहलगाम अटैक में किस क्रूरता से 26 लोगों को मारा गया था। इसके बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके स्थित आतंकी ठिकानों को टारगेट किया। इसमें दुश्मनों को भारी नुकसान हुआ।

घई ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत 7 मई को हुई कार्रवाई में सीमा पार 9 ठिकानों पर हमने 100 आतंकवादी मार गिराए। इसमें कंधार हाईजैक और पुलवामा अटैक में शामिल 3 बड़े आतंकी चेहरे भी शामिल थे।7 मई को हुई कार्रवाई के बाद पाकिस्तान ने ड्रोन और मिसाइल्स से हमारे बॉर्डर स्टेट्स में स्थित सैन्य ठिकानों पर हमले की कोशिश की। हमनें उन्हें हवा में ही मार गिराया। एक भी टारगेट सक्सेस नहीं होने दिया।

इसके बाद हमने पाकिस्तान को जवाब देते हुए सख्त कार्रवाई की, जिसमें पाकिस्तानी सेना के 35 से 40 सैनिक और अफसर मारे गए। बॉर्डर और एलओसी पर हुई पाकिस्तानी सेना की गोलीबारी में हमारे 5 जवान शहीद हुए हैं।

सेना ने कहा, पाकिस्तान आर्मी और एयरफोर्स ने भारतीय सीमा में घुसपैठ नहीं की

सेना ने कहा, पाकिस्तान आर्मी और एयरफोर्स ने हमारी सीमा में घुसपैठ नहीं की। हमने जो टारगेट चुना, उसे जितना नुकसान पहुंचाने की योजना थी, उतना पहुंचाया। हमारा काम टारगेट हिट करना, ये देखना नहीं कि कितने मारे गए।एयरमार्शल भारती ने बताया, पाकिस्तानी डीजीएमओ ने कॉल कर युद्धविराम की बात कही

एयरमार्शल भारती ने बताया, मुझे 10 मई को पाकिस्तानी डीजीएमओ ने कॉल किया। पाकिस्तान के डीजीएमओ से दोपहर 3.30 मिनट पर बातचीत हुई। जिसमें तय हुआ कि 7 बजे के बाद से कोई हमला नहीं किया जाएगा। अगली बातचीत 12 मई को होगी। कुछ ही घंटों बाद ही उ न्होंने स ंघर्ष विराम तोड़ा। ड्रोन अटैक किया और फायरिंग की।

हमने उन्हें मैसेज भेजा कि हम पर किए गए हमले का जवाब हमने दिया है। अगर आज रात भी ऐसा किया तो हम जवाब देंगे। इसके बाद हमारे आर्मी चीफ ने हमें जवाब देने के लिए पूरी अथॉरिटी दी है। हमारे 5 जवान मारे गए, उन्हें हम श्रद्धांजलि देते हैं।

हमने तनाव बढ़ाने वाली कोई प्रतिक्रिया नहीं की, लेकिन अगर हमारी संप्रभुता और अखंडता पर हमला किया गया तो इसका निर्णायक जवाब देंगे।

## पाक पीएम का दावा सीजफायर पर इमानदार रहेंगे ,शहबाज ने ट्रम्प की तारिफ की l

*पाक का वादा कि लडाई बन्द के फैसले को इमानदारी से मानेगं।*

पाकिस्तान ने वादा किया है कि वह लड़ाई बंद करने के फैसले को पूरी ईमानदारी से मानेगा। विदेश मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि सीजफायर के बाद भी भारतीय सैनिक कुछ इलाके में हमले कर रहे हैं। इसके बावजूद पाकिस्तानी सैनिक जिम्मेदारी और संयम के साथ स्थिति को संभाल रहे हैं।

इस बीच पीएम शहबाज शरीफ ने एक बार फिर से डोनाल्ड ट्रम्प की तारीफ की है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट लिख कर कहा कि पाकिस्तान को राष्ट्रपति ट्रम्प के रूप में एक बेहतरीन साझीदार मिला है, जो दोनों देशों के बीच पहले जैसा मजबूत और खास रिश्ता दोबारा शुरू कर सकता है। न सिर्फ व्यापर और निवेश बल्कि बाकी क्षेत्रों में भी संबंधों को मजबूत कर सकता है। इससे पहले भी पीएम शहबाज ने ट्रम्प की तारीफ की थी। उन्होंने शनिवार को टीवी पर दिए गए भाषण में भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर करान ` के लिए उनकी तारीफ की।

पाकिस्तान बोला– सीजफायर पर ईमानदारी बरतेंगे पाकिस्तान ने वादा किया है कि वह लड़ाई बंद करने के फैसले को पूरी ईमानदारी से मानेगा। विदेश मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि सीजफायर के बाद भी भारतीय सैनिक कुछ इलाके में हमले कर रहे हैं। इसके बावजूद पाकिस्तानी सैनिक जिम्मेदारी और संयम के साथ स्थिति को संभाल रहे हैं। रात 8 बजे से पाकिस्तान की तरफ से जम्मू–कश्मीर के अखनूर, पुंछ, नौशेरा, श्रीनगर, आरएसपुरा, सांबा, उधमपुर में फायरिंग की जा रही है। राजौरी में शेलिंग (तोप और मोर्टार) की गई। उधमपुर में ड्रोन से हमला हुआ। फायरिंग के बाद से जम्मू–कश्मीर, राजस्थान, पंजाब और गुजरात के बॉर्डर वाले जिलों में ब्लैकआउट कर दिया गया है। 22 अप्रैल से 10 मई तक पाकिस्तान की गोलीबारी में 4 जवान शहीद हो चुके हैं। 60 जवान घायल हो चुके हैं। वहीं, 25 नागरिकों की मौत हो चुकी है और 50 से ज्यादा लोग घायल हो चुके हैं। इनके अलावा राजौरी के अतिरिक्त जिला विकास आयुक्त डॉ. राज कुमार थापा भी पाकिस्तानी गोलाबारी में घायल हुए थे।


## पाक ने अमेरीका , सऊदी और चीन का जताया आभार वही शहबाज बोले भारत ने पहले हमला किया



पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भारतीय समय के मुताबिक शनिवार रात 11रू30 बजे फिर झूठा दावा किया। उन्होंने कहा कि भारत ने पाकिस्तान पर पहले हमला किया। शहबाज ने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष रुकवाने में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने भारत के खिलाफ साथ देने के लिए सऊदी अरब, तुर्किए और चीन को भी धन्यवाद दिया। भारत–पाकिस्तान के बीच शाम 5 बजे सीजफायर का ऐलान हुआ – भारत और पाकिस्तान के बीच 4 दिन से जारी जंग के बाद शनिवार शाम 5.30 बजे सीजफायर का ऐलान हुआ था। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा था कि दोनों देशों के बीच सीजफायर के लिए अमेरिका ने मध्यस्थता की। उन्होंने लिखा, यूएसए की मध्यस्थता में रातभर चली लंबी बातचीत के बाद मुझे यहबताते हुए खुशी हो रही है कि भारत और पाकिस्तान तुरंत और पूरी तरह हमले रोकने के लिए तैयार हो गए हैं। मैं दोनों देशों को कॉमनसेंस, समझदारी से भरा फैसला लेने के लिए बधाई देता हूं

## पुतिन ने युक्रेन को सीधी बातचीन का ऑफर दिया l

**जलेस्की ने कहा यह सकारात्मक संदेश।**



रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रविवार को यूक्रेन के साथ सीधी बातचीत का प्रस्ताव रखा है। पुतिन ने कहा कि 15 मई को इस्तांबुल में यूक्रेन के साथ बात कर सकते है। यह प्रस्ताव कीव और यूरोपीय नेताओं के 12 मई से बिना शर्त 30 दिन के सीजफायर के ऐलान करने के कुछ घंटों बाद आया है। हालांकि, पुतिन ने यूक्रेन के साथ सीजफायर पर सहमत होने के अल्टीमेटम को अस्वीकार कर दिया है।

यूक्रेन, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और पोलैंड के नेताओं ने शनिवार को कीव में रूसी राष्ट्रपति को धमकी दी थी कि अगर वे सीजफायर पर हस्ताक्षर नहीं करते हैं तो बाकी देश यूक्रेन को सैन्य समर्थन देंगे।

इस पर पुतिन ने कहा– यूक्रेन से 2022 से बंद हुई बातचीत बिना किसी पूर्व शर्त के फिर से शुरू करेंगे। रूसी और यूक्रेनी वार्ताकारों ने पहले भी बात की थी, लेकिन तब लड़ाई रोकने पर सहमति नहीं बन पाई थी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की ने 15 मई को इस्तांबुल में सीधी बातचीत के लिए व्लादिमीर पुतिन के प्रस्ताव को सकारात्मक संकेत बताया। एक्स पर पोस्ट कर जेलेंस्की ने लिखा– रूस ने युद्ध समाप्त करने पर विचार करना शुरू कर दिया है। पूरी दुनिया बहुत लंबे समय से इसका इंतजार कर रही थी। किसी भी युद्ध को सही मायने में खत्म करने का सबसे पहला कदम युद्ध विराम है। हम उम्मीद करते हैं कि रूस कल, 12 मई से पूर्ण, स्थायी युद्धविराम के लिए तैयार हो जाएगा। ट्रम्प बोले– ये दोनों देशों के लिए महान दिन – यूक्रेन के साथ रूस की बातचीत की पेशकश को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इसे दोनों देशों के लिए महान दिन बताया। ट्रम्प ने कहा– इससे लाखों लोगों की जिंदगी बचेगी। उन्होंने दोनों देशों के साथ काम जारी रखने की भी बात कही। उन्हों



डिजीटल संस्करण
https://sbpatra.in
पर उपलब्ध



सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

स्वतंत्र बौद्धिक पत्र (समाचार पत्र)

https//:sbpatra.in


पर डिजिटल संस्करण उपलब्ध

YouTube

SWATANTRA BODDHIK PATRA


खबरों के लिए लोगिंन करे !

https://sbpatra.in/













| (1) | (2) | (3) | (4) |
|---|---|---|---|
| गुगल सर्च करे - https://sbpatra.in/ | होम पेज पर केटेगिरी मे जाए | ई-पेपर केटेगिरी चुने | समाचार पत्र आपके सामने क्लिक करे ! |

# नि:शुल्क ई-पेपर प्रति सोमवार को वेब पोर्टल https://sbpatra.in/ से डाउनलोड कर सकते है।



## प

चीनी राजदुत ने दोने देशो से संयम बरतने और आपसी मतभेद को बातचीत से सुलजाने की अपील की

स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

सत्य का ब्रह्मास्त्र

## बांग्लादेश

पहलगाँम हमले के बाद आईएसआई खुफिया एजेंसी बांग्लादेश में सक्रिय हो रही है ।

## पाक

पाक रक्षा मंत्री आसिफ भी कह चुके की पिछ्ले तीस साल से आतंक वाद का समर्थन कर रहा पाक

## सीअ

जवान की पत्नी पंजाब के अटार बॉर्डर से वापस लोटी जम्मु

## आस्ट्रेलिया

आस्ट्रेलिया में 28 मार्च को संसद भंग कर दि थी।

## हुती

अमेरिका रक्षा मंत्री ने कहा ईरान अच्छी तरह जानता है की अमेरिकी सैना क्या करती है

2.2 अरब डॉलरी की मदद पहले ही रोकी जा चुकी है ।


# खबरों के लिए लोगिंन करे

# https://sbpatra.in/


स्वत्वाधिकार सम्पादक प्रकाशक मधुसूदन शर्मा / डिजिटल संस्करण प्रति सोमवार स्वतंत्र बौद्धिक पत्र समाचार पत्र की आधिकारीक बेवसाइट https://sbpatra.in/ पर उपलब्ध है। अन्य वेब या डिजिटल माध्यमों पर इसे प्रकाशित या इस नाम से , अन्य सामग्री जैसे समाचार पत्र प्रकाशन या इस नाम से कोइ वेब डोमेन खरीदना , दण्डनीय अपराध होगा ,ऐसा करने पर वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है। - सम्पादक मधुसूदन शर्मा